भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3825
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**क्रूज और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना**

**†3825. श्री डी. एम. कथीर आनंद:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संभावित आगंतुकों और स्थानीय समुदायों के बीच समुद्री विमान और क्रूज पर्यटन की सफलता के लिए लोगों को जागरूक कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा क्रूज पर्यटन और साहसिक पर्यटन हेतु टूर ऑपरेटरों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कोई योजना तैयार की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबधी व्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): साहसिक पर्यटन सहित पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से क्रूज पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के विकास और संवर्धन द्वारा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' की अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटीय परिपथ और क्रूज परियोजना के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है। केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत पत्तनों और जलमार्गों पर अवसंरचना विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-II** में दी गई है।

देश में साहसिक पर्यटन के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, साहसिक पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की गई है।

यह कार्यनीति साहसिक गंतव्यों के विकास, साहसिक पर्यटन में सुरक्षा संवर्धन, कौशल विकास, क्षमता निर्माण और विपणन पर ध्यान केंद्रित करती है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा क्रूज और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3825 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटीय परिपथ और क्रूज परियोजना के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2014-15 | काकीनाडा में परिपथ - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अदुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2015-16 | नेल्लोर, पुलिकट झील, उबब्लामाड्डुगु जल प्रपात, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडु बीच, रामतीर्थम का विकास | 49.55 |
| 3. | पुडुचेरी | 2015-16 | दुबरायपेट, अरिकमेडु चाइना वीरमपट्टिनम, चुन्नबमार, नल्लावाडु, मनापेट, कलापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यानम का विकास | 58.44 |
| 4. | पश्चिम बंगाल | 2015-16 | बीच परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बखलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (तट और क्रीक), देवगढ़ (किला और तट), मितभव, टोंडावली, मोसेहमद और निवती किला) का विकास | 19.06 |
| 6. | गोवा | 2016-17 | सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वागाटोर, मोरजिम-केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 |
| 7. | ओडिशा | 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तम्पारा का विकास | 70.82 |
| 8. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 2016-17 | लांग आइलैंड - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप - बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | तमिलनाडु | 2016-17 | चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - कुलशेखरनपट्टिनम - कन्याकुमारी का विकास | 73.13 |
| 10. | गोवा | 2017-18 | रुआ डे ओरम क्रीक - डॉन पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 11. | केरल | 2018-19 | मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| | **कुल** | | | **688.74** |

*****

**अनुबंध-II**

श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा क्रूज और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3825 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत पत्तनों और जलमार्गों पर अवसंरचना विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(लाख रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य संघ राज्यक्षेत्र** | **वर्ष** | **परियोजनाओं का नाम** | **कार्यान्वयन एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | 2012-13 | चेन्नई पत्तन पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केन्द्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 |
| 2. | गोवा | 2014-15 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज टर्मिनल भवन | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 879.04 |
| 3. | केरल | 2016-17 | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/सैरगाह का विकास | कोचीन ट्रस्ट पोर्ट | 901.00 |
| 4. | केरल | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन ट्रस्ट पोर्ट | 2141.00 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2016-17 | पर्यटन स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 |
| 6. | महाराष्ट्र | 2017-18 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 |
| 7. | गोवा | 2018-19 | आव्रजन सुविधा में सुधार और मोरमुगाओ में मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 1316.40 |
| 8. | केरल | 2018-19 | कोचिन पोर्ट क्रूज टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास | कोचीन ट्रस्ट पोर्ट | 120.79 |
| 9. | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन ट्रस्ट पोर्ट | 466.47 |
| 10. | आंध्र प्रदेश | 2018-19 | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र पर क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 3850.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | केरल | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन ट्रस्ट पोर्ट | 1029.70 |
| 12. | गोवा | 2021-22 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) द्वारा मोरमुगाओ पोर्ट, गोवा में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रूज जहाजों के लिए सुविधाओं का निर्माण | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 |
| 13. | महाराष्ट्र | 2021-22 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 |
| | **कुल** | | | | **23929.06** |

*****